Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 20-03-2007

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title: Need to provide additional train services between Mehsana and Viramgam in Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) :महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में रेलों की बढ़ती मांग के कारण मेहसाणा विरमग्राम रेल लाईन को मीटर गेज से ब्राड गेज में परिवर्तित किया गया है। जब मीटर गेज रेलवे लाइन चलती थी तो इस पर छः रेल सेवाएं चलती थीं, परन्तु जब से इसको ब्राड गेज लाइन में बदला गया है तब से एक ही रेल सेवा चालू है वह भी एक पैसेंजर सेवा। इस पर मैं अनेकों पत्र लिख चुका हूं और हर बार रेलवे अधिकारी कहते हैं कि इस रेलवे खंड में यात्री नहीं है। इसकी जांच रेलवे बोर्ड से कराया जाना अति आ वश्यक है।

सदन के माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस रेलवे प्रखंड पर रेलवे सेवा शुरू नहीं करने के बारे में समीक्षा की जाये और मेहसाणा से विरग्राम तक ब्राड गेज रेलवे लाईन पर कम से कम छः रेल सेवाएं पहले की तरह चलाई जाये और इन रेल से वाओं को दूसरे राज्यों की रेल सेवा से जोड़ा जाये।

---

* Trerated as laid on the Table.